प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 34 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 06 मार्च 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने मुंबई शहर के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आंकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जनवरी 2026 के महीने के दौरान व्यापक शहरी, रेलवे और कोस्टल मार्गों को कवर करते हुए मुंबई लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

20 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने मुंबई शहर के आस पास के इलाकों में **214.8 किलोमीटर विस्तृत टेस्ट किए, जिसमें 201.7 सिटी ड्राइव टेस्ट, 7 हॉटस्पाट और 3.7 किलोमीटर वॉक टेस्ट और 9.4 किलोमीटर कोस्टल ड्राईव टेस्ट** शामिल थे । मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

## मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।

**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 20.77%, 100.00% और 100.00%, है।

**ड्रॉप कॉल रेट**: - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.00%, 45.34%, 0.63% और 0.00% है।

- *ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** में **सिटी** ड्राइव रुट पर एयरटेल, एमटीएनएल वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 0.32%, 71.31%, 0.22% और 0.33% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**


- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **डाटा टेस्टिंग** में **सिटी** ड्राइव टेस्ट रुट पर एयरटेल, एमटीएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 2.00%, 71.43%, 1.84% और 1.26% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**


- *ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** में एयरटेल, एमटीएनएल वीआईएल और आरजेआईएल के लिए **कोस्टल** ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्गो के क्रमशः 0.44%, 89.39%, 0.46% और 0.00% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**

- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **डाटा टेस्टिंग** में एयरटेल, एमटीएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए **कोस्टल** ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः 2.00%, 96.71%, 2.34% और 0.80% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश**

सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (%में),एमओएस : मीन ओपिनियन स्कोर जिसमें सामान्य आवाज की गुणवत्ता दर्शाई जाती है ।




**सारांश - वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 20.77%, 100.00% और 100.00%,है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.31, 3.99, 0.57 और 0.41 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 45.34%, 0.63% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 1.77%, 0.30% और 1.19% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.89, 2.03, 4.51 और 4.47 हैं।

**सारांश - डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 84.34 Mbps, एमटीएनएल (3G/2G) की 3.54Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 244.43 Mbps और वीआईएल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 40.00 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 27.32 Mbps, एमटीएनएल(3G/2G) की 0.58 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 39.05 Mbps और वीआईएल (5G/4G/) की औसत अपलोड स्पीड 13.40 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 29.87 ms, 57.27 ms, 16.04 ms, 18.06 ms है।

**डाटा निष्पादन - हॉट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 40.41 | 4G U/L: 6.22 |
| | 5G D/L: 124.48 | 5G U/L: 33.25 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 38.04 | 4G U/L: 10.31 |
| | 5G D/L: 179.78 | 5G U/L: 22.67 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 31.13 | 4G U/L:8.70 |
| | 5G D/L: 39.28 | 5G U/L: 12.84 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**
**एमटीएनएल में 4G और 5 G टेक्नालॉजी नहीं है**

मुंबई में, नेटवर्क के मूल्यांकन में रेतीबंदर, मुंब्रा, कालेसकर, दहिसर मोरी, नावडे, तलोजा, देवीचपाड़ा, उस्ताने, तलोजा बाईपास फाटा, भावदेवी नगर, शील फाटा खादी, महापे, कोपर खैरें, वाशी प्लाजा, बहनानी चौक, तुर्भे एमआईडीसी, एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया, घंसोली, टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया, रबाले, ऐरोली, दीघा गांव, कलवा पश्चिम और वास्तु आनंद जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने ऐरोली पुलिस स्टेशन, कलवा तहसीलदार कार्यालय, मिलेनियम बिजनेस पार्क (एमबीपी), मुंब्रा नगर होस्पीटल, एनएमएमसी वार्ड कार्यालय कोपर खैरें, पवने एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया और रबाले एमआईडीसी टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया (मेन गेट) में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

21 जनवरी 2026 को आयोजित किए गए वाक टेस्ट में ऐरोली रेलवे स्टेशन, कोपर खैराने रेलवे स्टेशन और रबाले रेलवे स्टेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

कोस्टल मार्ग पर सेवा की गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए अटल सेतु और बेलापुर जेट्टी को कवर करते हुए कोस्टल ड्राइव टेस्ट आयोजित किया गया ।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में ट्राई कैलिब्रेटेड इक्युपमेंट की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री ब्रजेन्द्र कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु) भादूविप्रा से ईमेल adv.bengaluru@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-80-22865004 पर संपर्क किया जा सकता है।

BRAJENDRA KUMAR

Digitally signed by BRAJENDRA KUMAR
Date: 2026.03.06 10:21:05 +05'30'

(ब्रजेन्द्र कुमार)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., बेंगलूरु